1. शुक-शुकी संवाद के रूप में रचित रचना को पहचानिए ।
   A) पृथ्वीराज रासो B) बीसलदेव रासो
   C) संदेश रासक D) मुकरियाँ

2. मिथिला का कवि कौन है ?
   A) खुसरो B) चन्दबरदाई
   C) अज्ञेय D) विद्यापति

3. " तू बाम्हन हम कासी का जुलाहा " यह किसकी पंक्ति है ?
   A) जायसी B) सूरदास
   C) कबीर D) अमीर खुसरो

4. किस महाकाव्य में सिंहल देश की कथा है ?
   A) रामचरितमानस B) पद्मावत
   C) रामचन्द्रिका D) साकेत

5. 'सूरसागर' का आधार ग्रंथ क्या है ?
   A) रामायण B) महाभारत
   C) भागवत D) बृहदारण्यक उपनिषद

6. तुलसीदास की अंतिम रचना कौन सी है ?
   A) हनुमान बाहुक B) विनयपत्रिका
   C) कवितावली D) रामचरितमानस

7. 'गागर में सागर भरनेवाले कवि को पहचानिए ।
   A) सूरदास B) विद्यापति
   C) बिहारी D) चन्दबरदाई

8. हिन्दी भाषा-भाषी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर राष्ट्रीय-सांस्कृतिक चेतना जगाने का काम किस रचना ने किया ?
   A) भारत-भारती B) कामायनी
   C) राम की शक्तिपूजा D) लोकायतन

9. 'साकेत' में कितने सर्ग हैं ?
   A) आठ B) नौ
   C) दस D) बारह

10. किसने छायावाद को 'रहस्यवाद की सौन्दर्यमयी व्यंजना' माना है ?

A) जयशंकर प्रसाद B) नन्ददुलारे वाजपेयी

C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला D) मुकुटधर पांडेय

11. 'मानवता का विकास' किस रचना का मूल स्वर है ?

A) कामायनी B) तुलसीदास

C) साकेत D) आँसू

12. 'बादल राग' का रचनाकार कौन है ?

A) सुमित्रानंदन पंत B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

C) धर्मवीर भारती D) धूमिल

13. दिनकर की रचना को चुनकर लिखिए ।

A) कुरुक्षेत्र B) झाँसी की राणी

C) विष्णुप्रिया D) हिमकिरीटिनी

14. " प्रतिबद्ध हूँ / संबद्ध हूँ / आबद्ध हूँ" । यह किस कवि की घोषणा है ?

**A)** निराला B) नागार्जुन

C) मुक्तिबोध D) उदयप्रकाश

15. 'तीसरा सप्तक' का प्रकाशन वर्ष ?

A) 1951 B) 1959

C) 1943 D) 1954

16. निम्न में प्रयोगवादी कवि कौन है ?

A) प्रसाद B) नागार्जुन

C) अज्ञेय D) राजेश जोशी

17. गाँधीवादी कवि को पहचानिए ।

A) अशोक वाजपेयी B) कात्यायनी

C) अरुण कमल D) भवानीए प्रसाद मिश्र

18. 'दीवार पर खून से' किसका कविता संग्रह है ?

A) चन्द्रकांत देवताले B) धर्मवीर भारती

C) मुक्तिबोध D) उदय प्रकाश

19. 'मंदाक्रांता' किस उपन्यास का नाट्य रूपांतर है

A) छिन्नमस्ता B) सेज पर संसकृत्त

C) इदन्नमम D) आवाँ

20. उदय प्रकाश का कविता संग्रह कौन सा है ?
A) अबूतर-कबूतर
B) एक दिन बोलेंगे पेड
C) प्रलाप
D) मई का एक दिन

21. अंग्रेज़ी ढंग का हिन्दी का प्रथम उपन्यास किसे माना जाता है ?
A) भाग्यवती
B) देवरानी-जेठानी की कहानी
C) परीक्षागुरु
D) वामा शिक्षक

22. 'नहुष' किस विधा में आनेवाली रचना है ?
A) उपन्यास
B) कहानी
C) एकांकी
D) नाटक

23. 'प्रेमजोगिनी' किसका नाटक है ?
A) जयशंकर प्रसाद
B) भारतेन्दू
C) लक्ष्मीनारायण लाल
D) हरिकृष्ण प्रेमी

24. नारी स्वातंत्र्य पर केन्द्रित प्रसाद के नाटक का नाम लिखिए।
A) चन्द्रगुप्त
B) ध्रुवस्वामिनी
C) कामना
D) रक्षाबंधन

25. 'करुणालय' किसके द्वारा लिखित गीतिनाट्य है ?
A) मैथिलीशरण गुप्त
B) सुमित्रानंदन पंत
C) जयशंकर प्रसाद
D) उदयशंकर भट्ट

26. लक्ष्मीनारायण मिश्र के नाटक को पहचानिए।
A) सिन्दूर की होली
B) कामना
C) अनघ
D) रक्षाबंधन

27. प्रेमचन्द का उर्दू में लिखित कहानी संग्रह का नाम लिखिए।
A) मानसरोवर
B) बडे घर की बेटी
C) मेरी प्रिय कहानियाँ
D) सोजेवतन

28. वेश्या जीवन पर केन्द्रित प्रेमचन्द का उपन्यास कौन सा है ?
A) प्रेमाश्रम
B) कायाकल्प
C) सेवासदन
D) कर्मभूमि

29. प्रसाद के अधूरे उपन्यास को पहचानिए।
A) कंकाल
B) तितली
C) परख
D) इरावती

30. मनोविश्लेषणात्मक उपन्यास की कोटि में आनेवाला उपन्यास कौन सा है ?
A) त्यागपत्र B) चन्द्रकांता
C) देवरानी-जेठानी की कहानी D) कठगुलाब

31. हिन्दी के एक ऐतिहासिक उपन्यासकार का नाम लिखिए ?
A) बालकृष्ण भट्ट B) निर्मल वर्मा
C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी D) चित्रा मुद्गल

32. प्रेमचन्द की आखिरी कहानी कौन सी है ?
A) पंच परमेश्वर B) कफन
C) बूढी काकी D) पूस की रात

33. 'कर्बला' नाटक का रचनाकार कौन है ?
A) जयशंकर प्रसाद B) जगदीशचन्द्र माथुर
C) प्रेमचन्द D) भीष्म साहनी

34. मार्क्सवादी दर्शन से प्रभावित हिन्दी का उपन्यासकार कौन है ?
A) भैरवप्रसाद गुप्त B) बालकृष्ण भट्ट
C) गिरिराज किशोर D) अज्ञेय

35. 'लहरों के राजहंस' का प्रेरणा स्रोत क्या है ?
A) मृच्छकटिक B) महाभारत
C) सौन्दरनंद D) उपनिषद

36. 'सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक' किसकी रचना है ?
A) लक्ष्मीनारायण लाल B) दूधनाथ सिंह
C) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना D) सुरेन्द्र वर्मा

37. अज्ञेय ने 'अपने अपने अजनबी' उपन्यास में किस दर्शन का उपयोग किया ?
A) मार्क्सवाद B) मनोविश्लेषण वाद
C) अस्तित्ववाद D) गाँधीवाद

38. 'दिव्या' किसके द्वारा रचित उपन्यास है ?
A) भगवतीचरण वर्मा B) यशपाल
C) किशोरीलाल गोस्वामी D) रांगेय राघव

39. 'मेरीगंज' की कहानी कहनेवाले उपन्यास का नाम लिखिए।
A) मैला आँचल B) बहती गंगा
C) सूरज का सातवाँ घोडा D) परती परिकथा

40. नामवर सिंह के अनुसार हिन्दी की प्रथम नई कहानी कौन सी है ?

A) कफन B) मलबे का मालिक

C) दोपहर का भोजन D) परिन्दे

41. 'रागदरबारी' का रचनाकार कौन है ?

A) श्रीलाल शुक्ल B) अमरकांत

C) जगदंबा प्रसाद दीक्षित D) बदीउज़्ज़मा

42. मुक्तिबोध द्वारा रचित कहानी को पहचानिए ।

A) रोज़ B) गुलरा के बाबा

C) राजा निरबंसिया D) विपात्र

43. 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' किसके द्वारा रचित कहानी है ?

A) मोहन राकेश B) राजेन्द्र यादव

C) मन्नू भंडारी D) कृष्णा सोबती

44. भारत विभाजन पर केन्द्रित एक कहानी को चुनकर लिखिए ।

A) सिक्का बदल गया B) अंधेरे में

C) आद्रा D) वापसी

45. हिन्दी के एक प्रमुख एकांकीकार को पहचानिए ।

A) मृदुला गर्ग B) काशीनाथ सिंह

C) मन्नू भंडारी D) रामकुमार वर्मा

46. हिन्दी की एक दलित रचना को चुन लीजिए ।

A) अपने अपने पिंजरे B) दिलो-दानिश

C) मैं और मैं D) इदन्नमम

47. नारीवादी उपन्यास को पहचानिए ।

A) छिन्नमस्ता B) अलग अलग वैतरणी

C) अंतिम अरण्य D) काशी का अस्सी

48. वृद्ध जीवन पर आधारित एक उपन्यास का नाम लिखिए ।

A) ज़िन्दगीनामा B) गिलिगडु

C) माई D) कठगुलाब

49. निम्नलिखित उपन्यासों में किसमें पारिस्थितिक अवबोध है ?

A) धार B) रुकोगी नहीं राधिका

C) ऐ लडकी D) शेष कादंबरी

50. निम्नलिखित एकांकियों में उपेन्द्रनाथ अश्क का एकांकी कौन सा है ?
   A) एक दिन  B) चंपक
   C) तौलिए  D) सीमा रेखा

51. केन्द्र साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हिन्दी की कहानी कौन सी है ?
   A) लाक्षागृह  B) मोहनदास
   C) काला बाप गोरा बाप  D) चीफ की दावत

52. भाव तथा मनोविकार संबंधी निबंध किसने लिखा है ?
   A) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी  B) नगेन्द्र
   C) कुबेरनाथ राय  D) रामचन्द्र शुक्ल

53. 'मेरा परिवार' किसके द्वारा रचित रेखाचित्र है ?
   A) महादेवी वर्मा  B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
   C) हरिशंकर परसाई  D) रामवृक्ष बेनीपुरी

54. 'कबीर' शीर्षक आलोचनात्मक ग्रंथ हिन्दी साहित्य को किसका योगदान है ?
   A) नामवर सिंह  B) रामविलास शर्मा
   C) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी  D) नंददुलारे वाजपेयी

55. 'आवारा मसीहा' किसके द्वारा लिखित जीवनी है ?
   A) निराला  B) विष्णु प्रभाकर
   C) गणेश शंकर विद्यार्थी  D) रामनरेश त्रिपाठी

56. प्रभा खेतान की आत्म कथा को पहचानिए।
   A) अन्या से अनन्या  B) गुडिया भीतर गुडिया
   C) एक कहानी यह भी  D) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

57. 'हिन्दी साहित्य का आदिकाल' का रचयिता कौन है ?
   A) डॉ. नगेन्द्र  B) रामविलास शर्मा
   C) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी  D) नामवर सिंह

58. हिन्दी साहित्य के आदिकाल को किसने वीरगाथाकाल कहा ?
   A) ग्रियर्सन  B) मिश्रबंधु
   C) शिवसिंह सेंगर  D) रामचन्द्र शुक्ल

59. रामचन्द्र शुक्ल ने किस रचना को हिन्दी का प्रथम महाकाव्य माना ?
   A) कीर्तिलता  B) सन्देशरासक
   C) पृथ्वीराज रासो  D) बीसलदेव रासो

60. ‘शब्दार्थो सहितौ काव्यम’ यह किसकी उक्ति है ?

A) भामह
B) दंडी
C) भरतमुनी
D) जगनाथ

61. ‘वक्रोक्ति जीवितम’ का रचयिता कौन है ?

A) आचार्य वामन
B) आचार्य क्षेमेन्द्र
C) आनन्दवर्धन
D) कुंतक

62. ‘विशिष्टाद्वैत’ का आचार्य कौन है ?

A) शंकराचार्य
B) रामानुजाचार्य
C) मध्वाचार्य
D) वल्लभाचार्य

63. रीतिकाल को ‘श्रृंगार काल’ नामकरण किसने दिया ?

A) डॉ. नगेन्द्र
B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
D) बच्चन सिंह

64. आलवार संतों के लोकप्रचलित पदों का संकलन किस नाम से किया गया ?

A) प्रबन्धम
B) बीजक
C) प्राकृत पैगलम
D) रामकथा

65. हिन्दी में ‘नाटक’ नामक आलोचनात्मक ग्रंथ किसने लिखा ?

A) जयशंकर प्रसाद
B) भारतेन्दु
C) महावीर प्रसाद द्विवेदी
D) दशरथ ओझा

66. ‘नई कविता’ नामक पत्रिका का संपादन किसने शुरू किया ?

A) अज्ञेय
B) शमशेर बहादूर सिंह
C) जगदीश गुप्त
D) धर्मवीर भारती

67. हिन्दी प्रदेश में नव जागरण कब से माना जाता है ?

A) 1757
B) 1857
C) 1900
D) 1888

68. उत्तराधुनिक विमर्श के एक सशक्त हस्ताक्षर को पहचानिए।

A) रामविलास शर्मा
B) नामवर सिंह
C) अशोक वाजपेयी
D) सुधीश पचौरी

69. भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के प्रथम सम्मेलन का अध्यक्ष कौन था ?

A) शिवदान सिंह चौहान
B) प्रेमचन्द
C) रवीन्द्रनाथ टैगोर
D) राहुल साकृत्यायन

70. छायावाद को हिन्दी साहित्य में प्रतिष्ठित करने का श्रेय किस आलोचक को देना है ?
A) रामचन्द्र शुक्ल B) डॉ. नगेन्द्र
C) डॉ. देवराज D) नन्ददुलारे वाजपेयी

71. अज्ञेय के संपादकत्व में प्रकाशित पत्रिका को चुन लीजिए।
A) प्रतीक B) आलोचना
C) समीक्षा D) माध्यम

72. रामविलास शर्मा की आलोचना पर किस दर्शन का प्रभाव पडा है ?
A) अस्तित्ववाद B) मार्क्सवाद
C) गाँधीवाद D) मनोविश्लेषणवाद

73. हिन्दी के एक सशक्त नाट्य समीक्षक को पहचानिए।
A) जगदीशचन्द्र माथुर B) अश्क
C) नेमीचन्द्र जैन D) मोहन राकेश

74. 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' किसने लिखा ?
A) गणपतिचन्द्रगुप्त B) गुलाबराय
C) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय D) नगेन्द्र

75. निम्नलिखित में से दृश्यकाव्य को चुनकर लिखिए।
A) खण्डकाव्य B) महाकाव्य
C) नाटक D) उपन्यास

76. विरेचन सिद्धांत किसका है ?
A) प्लेटो B) क्रोचे
C) ऐ.ए.रिचाडस D) अरस्तु

77. 'निर्वैयक्तिकता का सिद्धांत' किस आलोचक की देन है ?
A) मैथ्यू अरनोल्ड B) ऐ.ए.रिचाडस
C) कॉलरिज D) टी.एस. इलियट

78. किस भाषा को बौद्ध धर्म की भाषा माना जाता है ?
A) मागधी B) अवधि
C) पालि D) प्राकृत

79. पूर्वी हिन्दी की बोली को पहचानिए।
A) अवधि B) मैथिली
C) व्रज D) निमाडि

80. डॉ. सुनीतिकुमार चैटर्जी के अनुसार अपभ्रंश और आधुनिक भारतीय भाषाओं के बीच की कडी कौन सी भाषा है ?
A) प्राकृत B) पश्चिमी हिन्दी
C) लौकिक संस्कृत D) अवहट्ठ

81. 'दक्खिनी हिन्दी' का उद्भव स्थान लिखिए।
A) मीरठ B) दिल्ली
C) हैदराबाद D) कोलकत्ता

82. किस विद्वान को 'आधुनिक भाषाविज्ञान के पिता' कहते हैं ?
A) ब्लूफील्ड B) नाईडा C) रोलांग बार्थ D) सास्यूर

83. भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है ?
A) शब्द B) वाक्य C) ध्वनि D) प्रोक्ति

84. 'स्वनिम' का समतुल्य अंग्रेज़ी शब्द लिखिए।
A) Phonemics B) Phoneme
C) Allophone D) Morpheme

85. किस साल में हिन्दी राजभाषा के पद पर प्रतिष्ठित हुई ?
A) 1949 B) 1947
C) 1950 D) 1951

86. राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन केलिए राज्यों को तीन वर्गों में विभक्त किया गया है। इसमें केरल किस वर्ग में आता है ?
A) क वर्ग B) ख वर्ग
C) ग वर्ग D) किसी वर्ग में नहीं आता

87. 'बंटन' शब्द का समान अंग्रेज़ी शब्द लिखिए।
A) Distribution B) Storage
C) Supply D) Allotment

88. कार्यालय में विभिन्न आवेदनों और फाइलों को निपटाने केलिए समय-समय पर जो अभ्युक्तियाँ लिखी जाती है, उन्हें क्या कहते हैं ?
A) अधिसूचना B) टिप्पण
C) आलेख D) अनुस्मारक

89. हिन्दी में 'अनुवाद विज्ञान' नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखित है ?
A) कैलाशचन्द्र भाटिया B) रवीन्द्र श्रीवास्तव
C) बाबू गुलाबराय D) भोलानाथ तिवारी

90. ज्ञान-विज्ञान के विविध संदर्भों में हिन्दी की विभिन्न प्रयुक्तियों का जो स्वरूप विकसित हुआ है, उसे किस नाम से अभिहित किया गया है ?

A) कार्यालयी हिन्दी B) प्रयोजनमूलक हिन्दी
C) व्यावहारिक हिन्दी D) प्रयोगपरक हिन्दी

91. दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा की स्थापना गाँधीजी ने कहाँ की ?

A) एरणाकुलम B) हैदराबाद
C) चेन्नै D) धारवाड

92. दक्षिण में 'चन्दामामा' नामक बालकों की हिन्दी पत्रिका का संपादन किसने किया ?

A) बालशौरी रेड्डी B) ए. चन्द्रहासन
C) अरिगपुडी D) एन.वी.कृष्णवारियर

93. किसने तकषी के 'कयर' का हिन्दी में अनुवाद किया ?

A) वी.डी.कृष्णन नंपियार B) सुधांशु चतुर्वेदी
C) एन.ई.विश्वनाथ अय्यर D) डॉ.एन.रामन नायर

94. 'युगप्रभात' नामक हिन्दी पत्रिका केरल में किसने निकाली ?

A) पी.के.केशवन नायर B) ए.रामचन्द्र देव
C) चन्द्रशेखरन नायर D) एन.वी.कृष्णवारियर

95. भारत के प्रथम समाचार पत्र का नाम लिखिए।

A) उदंत मार्तण्ड B) बंगाल गज़ट
C) ओरियंटल मैगज़िन D) कविवचन सुधा

96. 'केरल ज्योति' किस संस्था से निकलनेवाली पत्रिका है

A) दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा B) हिन्दी विद्यापीठ
C) केरल हिन्दी प्रचार सभा D) हिन्दी साहित्य अकादमी

97. भारत की एक समाचार समिति का नाम लिखिए।

A) पी.टी.ऐ B) हार्बर न्यूज़ असोसिएशन
C) न्यूज़ ब्यूरो D) युनाइटड प्रेस एसोसिएशन

98. गृह मंत्रालय से राजभाषा पर केन्द्रित कौन सी पत्रिका प्रकाशित होती है ?

A) भाषा B) समकालीन साहित्य
C) इन्द्रप्रस्थ भारती D) राजभाषा भारती

99. 'Seniority' शब्द का समान हिन्दी लिखिए।

A) वरिष्ठता B) पदोन्नति
C) सीनियोरिटी D) सारणीकरण

100. संविधान के किस अनुच्छेद में “भारत की राजभाषा हिन्दी है और लिपि देवनागरी है” घोषित किया गया है ?

A) 358 B) 351 C) 343 D) 362

101. केरल के प्रथम हिन्दी गीतकार कौन है ?

A) स्वाति तिरुनाल
B) पं. नारायण देव
C) के.वासुदेवन पिल्लै
D) पं. हरिहर शर्मा

102. पारिभाषिक शब्दों के निर्माण में किस विद्वान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ?

A) डॉ. निर्मला जैन
B) कृष्णदत्त पालीवाल
C) भोलानाथ तिवारी
D) डॉ.रघुवीर

103. हिन्दी में स्वनिम कितने प्रकार के होते हैं ?

A) तीन B) दो C) चार D) एक

104. हिन्दी में केन्द्रीय स्वनिम कितने हैं ?

A) दस B) नौ C) बारह D) तेरह

105. जो वर्ण या वर्ण समूह जिसका स्वतंत्र प्रयोग न हो और जो किसी शब्द के पूर्व कुछ अधिक विशेषता लाने केलिए जोडा जाय - उसे क्या कहते हैं ?

A) उपसर्ग B) प्रत्यय C) परसर्ग D) अव्यय

106. मनः + बल = मनोबल – संधी निर्णय कीजिए।

A) व्यंजन संधी
B) स्वर संधी
C) विसर्ग संधी
D) गुण संधी

107. ‘नी’ कौन सा प्रत्यय है ?

A) विदेशी
B) तद्भव
C) तत्सम
D) देशज

108. ‘प्रतिदिन’ किस समास में आता है ?

A) बहुव्रीही
B) द्वन्द्व
C) तत्पुरुष
D) अव्ययीभाव

109. ‘चूहा’ का स्त्रीलिंग शब्द किस प्रत्यय को लगाने से बनता है ?

A) ई
B) इन
C) इया
D) नी

110. ‘ला’ धातु की संरचना लिखिए।

A) ले+आ
B) ले+अ
C) ला+ए
D) ल्+ए

111. ‘जाति’ संज्ञा का विकारी बहुवचन कारकीय रूप लिखिए।

A) जाति
B) जातियों
C) जातियाँ
D) जातियो

112. प्रश्नवाचक एकवचन सर्वनाम को चुन लीजिए।

A) कोई
B) कुछ
C) कौन
D) जो

113. अचिह्नित विशेषण को पहचानिए।

A) अच्छा
B) बढिया
C) काला
D) लंबा

114. कर्मकारक का परसर्ग कौन सा है ?

A) को
B) ने
C) से
D) में

115. पूर्वकालिक कृदंत को लिखिए।

A) चलना
B) चलता
C) चला
D) चलकर

116. ‘राम से चला नहीं जाता’ यह कौन सा प्रयोग है ?

A) कर्मणि प्रयोग
B) कर्तरि प्रयोग
C) निश्चयार्थक प्रयोग
D) भावे प्रयोग

117. जब एक से अधिक पद एक में बँधे हो तथा वे सभी मिलकर एक व्याकरणिक इकाई का काम कर रहे हो तो उस “बँधी इकाई” को क्या कहते हैं ?

A) पदबंध
B) पक्ष
C) वृत्ति
D) अनुतान

118. शुद्ध वाक्य को चुन लीजिए।

A) शब्द केवल संकेत मात्र है
B) शब्द केवल संकेत है
C) शब्द केवल संकेत ही है
D) शब्द मात्र संकेत ही है

119. आज्ञासूचक वाक्य को पहचानिए।

A) आप काम करते हैं
B) आप काम कीजिए
C) आपने काम किया
D) आपने काम किया होगा

120. पूर्ण भूतकाल को चुन लीजिए।

A) मैं ने काम किया
B) मैं ने काम किया होगा
C) मैं ने काम किया है
D) मैं ने काम किया था

*******************